आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला में ऐतिहासिक एलर्जली भवन के दूसरे चरण का किया शिलान्यास।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बसों के न्यूनतम किराए में वृद्धि को बताया आम जनता पर बोझ।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– एच.आर.टी.सी. के बेड़े में जल्द शामिल होंगी 6 सौ इलेक्ट्रिक व डीज़ल बसें।
- भाजपा ने मनाया अपना स्थापना दिवस– पार्टी की नींव रखने वाले नेताओं को किया याद।

आधारशिला

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ऐतिहासिक एलर्जली भवन के दूसरे चरण की आधारशिला रखी। करीब 19 करोड़ 72 लाख रूपए की अनुमानित लागत से बनने वाले इस भवन का कार्य अगले वर्ष अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है। परियोजना के तहत 6 मंज़िला भवन बनाया जाएगा जिसमें 3 मंज़िलें पार्किंग के लिए, दो मंज़िलों में सचिवालय कार्यालय और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस परियोजना के पूरा होने से जहां सचिवालय परिसर में भीड़ कम होगी वहीं आम लोग आसानी से अपने कार्य करवा सकेंगे। इस दौरान ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

समीक्षा

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज शिमला में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के सब्ज़ी मण्डी क्षेत्र में प्रस्तावित नए भव्य परिसर को लेकर चर्चा की। इस परिसर में नगर निगम कार्यालय सहित शॉपिंग कॉम्पलेक्स, होटल, आवासीय फ्लैट, दुकानें और पार्किंग सहित कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना के पहले चरण के लिए करीब 2 सौ करोड़ रूपए की राशि प्रदान करेगी। उन्होंने अधिकारियों को पहले चरण का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बसों के न्यूनतम किराए को दोगुना करने के सरकार के फैसले की निंदा करते हुए इसे जनविरोधी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि किराए में वृद्धि करने से गरीब और मध्यम वर्ग पर बोझ पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी 10 गारंटियों को भूल कर लगातार जनविरोधी निर्णय ले रही है जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है।

## बयान

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि विमल नेगी की मौत के मामले का भाजपा राजनीतिकरण कर रही है। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि किन कारणों से विमल नेगी की मौत हुई है, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां केन्द्र सरकार के हाथ में हैं, ऐसे में भाजपा भी केन्द्र सरकार के माध्यम से इस मामले की सी.बी.आई. जांच करवा सकती है।

वहीं दूसरी ओर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पावर प्रोजेक्ट्स में फैले कथित भ्रष्टाचार को विमल नेगी की मौत का ज़िम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि मामले के 15 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार एक भी आरोपी से पूछताछ नहीं कर पाई है।

## अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य पथ परिवहन निगम के बेड़े में एक हज़ार पुरानी बसों को बदला जा रहा है। ऊना ज़िले में हरोली के गोंदपुर जयचंद में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जल्द ही 3 सौ 50 इलेक्ट्रिक और 2 सौ 50 नई डीज़ल बसें खरीदी जाएंगी। अग्निहोत्री ने बताया कि जिन रूटों पर यात्रियों की संख्या कम है, वहां परिवहन निगम द्वारा टैंपो ट्रैवलर बसें चलाई जाएंगी। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने गोंदपुर जयचंद में एक करोड़ 14 लाख रूपए से बनने वाले सामुदायिक भवन का भी शिलान्यास किया।

## भाजपा

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय में भी झण्डा फहराया गया। इस दौरान भाजपा के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित भाजपा के अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और 21 राज्यों में भाजपा व एन.डी.ए. की सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र में करीब 60 साल के संघर्ष के बाद तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है जो पार्टी के लिए गौरव की बात है। ऐसे में पार्टी की नींव रखने वाले नेताओं की कुर्बानियों को आज याद और नमन किया जा रहा है।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चम्बा ज़िले के भटियात विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 6 सौ 86 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। वे आज भटियात क्षेत्र में उठाऊ सिंचाई योजना नडल के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 56 योजनाओं का कार्य शुरू कर दिया गया है। पठानिया ने बताया कि इन परियोजनाओं के कार्यशील होने से भटियात क्षेत्र में सिंचाई व पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ज़िले के सुन्नी में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल के आधुनिकीकरण पर 5 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। वे आज सुन्नी में रोटरी क्लब शिमला द्वारा आयोजित मेगा मल्टी स्पैशिलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान बोल रहे थे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ग्रामीण क्षेत्रों में भी चिकित्सा व परीक्षण शिविरों का आयोजन करने के लिए कदम बढ़ा रहा है जो अच्छी पहल है।

विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि सुन्नी शहर को पर्याप्त पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 25 करोड़ रूपए की लागत से एक बड़ी परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसका करीब 75 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।

## धर्माणी

नगर नियोजन व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश का सुनियोजित विकास सरकार की प्राथमिकता है। आज सोलन ज़िले के परवाणू में हिमुडा के विभिन्न स्थलों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ये प्रयास कर रही है कि न केवल भूमि का उचित उपयोग हो, बल्कि विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों और कामगारों को उचित आवास सुविधा मिल सके। धर्माणी ने अधिकारियों को परवाणू शहर के विकास और शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप ही निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए।

## रामनवमी

देशभर में आज रामनवमी धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक है। इधर राम नवमी के मौके पर प्रदेश में भी माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान कई स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया।

## मांग

चंबा ज़िले में जनजातीय पांगी घाटी की शौर पंचायत में करीब 3 माह से बी.एस.एन.एल. का सिग्नल न होने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने बी.एस.एन.एल. प्रबंधन से क्षेत्र में जल्द सेवा बहाल करने की मांग की है, ताकि लोग दूरभाष और इंटरनेट के माध्यम से बाहरी क्षेत्र से संपर्क कर सकें।

## प्रतिनिधिमंडल

कुल्लू ज़िले के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बुद्धि सिंह ठाकुर को मिल्कफैड का अध्यक्ष नियुक्त करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है जिसमें मिल्कफैड अहम भूमिका निभा रहा है।